नव भारत
1934 से

# 27592 को मिलेगा रोजगार : सीएम

## 20,193 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 जुलाई. मध्यप्रदेश ने नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स-2026 तथा इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश के माध्यम से निवेश आकर्षित करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है. दोनों आयोजनों में प्रदेश को 20,193 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे लगभग 27,592 लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव




ने निवेशकों, उद्योगपतियों और वैश्विक ब्रांड प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मप्र को देश का उभरता हुआ औद्योगिक एवं टेक्सटाइल हब बताया और उन्हें जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जीआईएस-2027 में भाग लेने का आमंत्रण दिया. उन्होंने कहा कि मप्र निवेशकों को अनुकूल नीतियां, त्वरित प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध करा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों, साझेदारियों और एमओयू के माध्यम से मप्र देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में अपनी स्थिति और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा.

### सात महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर

इंटरैक्टिव सेशन के दौरान एमपीआईडीसी ने निर्यात संवर्धन, ई-कॉमर्स, वैश्विक व्यापार, एमएसएमई और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सात महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए. साथ ही रक्षा, डेटा सेंटर, आईटी, एआई, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और खाद्य प्रसंस्करण सहित अनेक क्षेत्रों में निवेश अवसर प्रस्तुत किए गए.

### दोनों आयोजनों में प्राप्त निवेश प्रस्ताव

| कंपनी का नाम | सेक्टर | प्रस्तावित निवेश (करोड़ में) | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|---|
| सैनिट टेक्सटाइल | टेक्सटाइल यूनिट | 100 | 100 |
| सर्ज स्पिनर्स | स्पिनिंग यूनिट | 75 | 250 |
| बॉडीकेयर क्रिएशंस लिमि. | इनरवियर गारमेंट्स | 75 | 1,000 |
| अवंतिका एंड आराध्या | गारमेंट | 75 | 1,000 |
| सागर ग्रुप | टेक्सटाइल | 100 | 1,500 |
| ईस्टमैन एक्सपोर्टस | टेक्सटाइल | 100 | 2,000 |
| बेस्टकोर्प | टेक्सटाइल | 167 | 5,750 |
| गोकलदास एक्सपोर्टस | टेक्सटाइल | 150 | 2,500 |
| एबी फैब्रिक्स लुधियाना | टेक्सटाइल | 250 | 600 |
| इंडो अकॉर्ड अपैरल्स | टेक्सटाइल | 500 | 1,000 |
| ब्रह्मास्त्र प्राइवेट लिमि. | रक्षा | 5,030 | 5,000 |
| सिटाक रे प्राइवेट लिमि. | डेटा सेंटर | 5,000 | 1,000 |

(अन्य कंपनियों से भी आए प्रस्ताव).


# बदला भाजपा से नहीं, कांग्रेस से लेना है

## किसी की हिम्मत नहीं मेरे कार्यकर्ताओं का नुकसान करने की : नरोत्तम

नवभारत न्यूज

**दतिया, 16 जुलाई . पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अपने समर्थकों से कहा है कि किसी की हिम्मत नहीं है कि वह उनके कार्यकर्ताओं का नुकसान कर दे. अगर नौबत आई तो मैं भी उनके साथ जेल जाऊंगा. पूर्व गृहमंत्री ने यह बात गुरुवार को दतिया में बीजेपी दफ्तर में कार्यकर्ताओं की बैठक में कही. इस दौरान उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी भी उनके साथ थे.**

मिश्रा ने कहा कि लोग कहने लगे कि आशुतोष ने टिकट काट दिया. उसकी क्षमता है टिकट काटने की? टिकट काटने वाले कोई और हैं. वहां हमें बात करनी है, हम करेंगे. उस दिन आप लोगों की आंखों में आंसू देखकर मैं भी भावुक हो गया था. कुछ लोग कह रहे हैं कि भाजपा से बदला लेना है. अरे भाई...बदला भाजपा से नहीं, कांग्रेस से लेना है. हर हाल में आशुतोष तिवारी को जिताना है.



नरोत्तम ने कहा कि वे हमेशा अपने चुनाव से ज्यादा दूसरे चुनावों में ताकत लगाते रहे हैं. साथ ही कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए बोले कि यदि किसी पर प्रशासनिक कार्रवाई होती है तो वे उसके साथ खड़े रहेंगे. उन्होंने कार्यकर्ताओं को पीतांबरा माई की कसम खिलाकर बीजेपी के पक्ष में मतदान कराने का संकल्प भी दिलाया.

### किसी के सम्मान में आंच नहीं आने देंगे : आशुतोष

उधर, बीजेपी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि यदि प्रशासन की कार्रवाई से किसी कार्यकर्ता को परेशानी हुई है तो हर परिस्थिति में वे कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहेंगे. उन्होंने कहा- मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि माई साक्षी हैं, हमारे तन में जब तक प्राण रहेंगे, आप सबके सम्मान में कभी किसी प्रकार की आंच नहीं आने देंगे.

## एक नजर में



### बरा में पेट्रोल पंप पर फिल्मी अंदाज में लूट

**ग्वालियर.** ग्वालियर-झांसी हाईवे स्थित श्रीराम फिलिंग स्टेशन पर हुई लूट और मारपीट की घटना ने डबरा सिटी थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. पेट्रोल पंप संचालक विवेक गुप्ता ने सिटी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि सफेद रंग की इको गाड़ी से आए 5-6 बदमाशों ने पहले पेट्रोल भरवाने के बहाने विवाद किया, फिर दोबारा लौटकर पेट्रोल पंप पर हमला बोल दिया।

### जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष में एक की मौत

**मैहर.** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के बूढ़ा बाउर गांव में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि कुछ अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जमीन के एक टुकड़े पर स्वामित्व को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया.

# पीएम मोदी सांची रेलवे स्टेशन का वर्चुअली करेंगे लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 16 जुलाई. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के 13 अमृत स्टेशन सहित देशभर के 75 पुर्नविकसित स्टेशनों का आज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा.**

रायसेन के सांची, छिंदवाड़ा, अशोकनगर, बालाघाट, भिंड, शिवपुरी, टीकमगढ़, छतरपुर और विदिशा सहित अन्य रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार 17 जुलाई को रेलवे स्टेशन का वर्चुअली उद्घाटन किया जाएगा. इस अवसर पर सांची रेलवे स्टेशन परिसर में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया है. राज्यपाल पटेल 17 जुलाई को दोपहर 01 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 02.15 बजे सांची पहुंचेंगे तथा यहां दोपहर 02.30 से शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे.



# 30 करोड़ फ्लैट बुकिंग घोटाले में एक्शन

### 08 पुलिसकर्मी गाजियाबाद फ्लैट धोखाधड़ी में लाइन हाजिर

### 40 निवेशकों से फ्लैट बुकिंग के नाम पर की गई ठगी

**गाजियाबाद, 16 जुलाई। फ्लैट बुकिंग के नाम पर करीब 30.56 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय ने बड़ी विभागीय कार्रवाई करते हुए नंदग्राम थाने के आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इसके साथ ही नंदग्राम थाना प्रभारी को भी पद से हटाकर क्राइम ब्रांच में तैनात किया गया है।**

यह कार्रवाई मामले में दर्ज एफआईआर में गंभीर धाराएं शामिल नहीं किए जाने संबंधी शिकायतों की जांच के बाद की गई। पुलिस के अनुसार, एएसआर सेंट्रल एवेन्यू प्रोजेक्ट और राइट अर्थ इंफ्रा एलएलपी से जुड़े बिल्डरों के खिलाफ नंदग्राम थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर में एएसआर सेंट्रल एवेन्यू के बिल्डर संदीप कुमार गुप्ता, राइट अर्थ इंफ्रा एलएलपी के वरुण मक्कड़ सहित अन्य आरोपियों को नामजद किया गया है। आरोप है कि फ्लैट बुकिंग के नाम पर लगभग 40 निवेशकों से कुल 30.56 करोड़ रुपये की कथित ठगी की गई। पीड़ित निवेशकों ने आरोप लगाया था कि मामले की गंभीरता के बावजूद एफआईआर में अपेक्षाकृत हल्की धाराएं लगाई गईं, जिससे आरोपियों को कानूनी राहत मिलने की संभावना बन सकती थी। शिकायत मिलने के बाद मामले की विभागीय जांच कराई गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।



# उपचुनाव में स्कॉर्पियो से लगभग 21 लाख बरामद

**दतिया, 16 जुलाई . विधानसभा उपचुनाव के मद्देनज़र जिलेभर में चल रही सघन वाहन चेकिंग के दौरान गोराघाट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो कार से लगभग 21 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं.**

पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में नकदी मिली. नकदी को तत्काल जब्त कर संबंधित व्यक्तियों से राशि के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी गई है. पुलिस एवं निर्वाचन अधिकारियों द्वारा रुपये से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है. यदि राशि का संतोषजनक विवरण और वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी. विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए जिले में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमें लगातार वाहनों की सघन जांच कर रही हैं.

# खराब रिकॉर्ड वाले नहीं बन सकेंगे शिक्षक

**ग्वालियर. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती और नियमितीकरण को लेकर अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि जिन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, उन्हें सिर्फ इसलिए शिक्षक बनने का अधिकार नहीं मिल सकता क्योंकि वे किसी मामले में बरी हो गए हैं.**

बच्चों का भविष्य संवारने वाले शिक्षक का चरित्र, आचरण और सामाजिक छवि पूरी तरह बेदाग होना जरूरी है. इसी टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट ने एक गुरुजी की नियमितीकरण की मांग खारिज कर दी, जिसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज रहे हैं. इस फैसले को शिक्षक भर्ती प्रक्रिया और सरकारी सेवाओं में चरित्र सत्यापन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. यह मामला धर्मेंद्र रघुवंशी नामक शिक्षक से जुड़ा है, जो वर्ष 1997 से राजीव गांधी शिक्षा गारंटी योजना के तहत गुरुजी के रूप में कार्यरत थे. जब विभाग ने नियमित सेवा के लिए पात्र कर्मचारियों की सूची तैयार की, तब उनका नाम उसमें शामिल नहीं किया गया.

### गुरुजी चयन प्रक्रिया पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### सुनवाई में सामने आए 20 आपराधिक मामले

मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संबंधित शिक्षक के खिलाफ कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज रहे हैं. इनमें एनडीपीएस एक्ट और महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों के मामले भी शामिल हैं. शासन का पक्ष था कि ऐसे रिकॉर्ड वाले व्यक्ति को नियमित सरकारी सेवा में शामिल करना उचित नहीं माना जा सकता.

# लिंक पर क्लिक करते ही दंपत्ति के खातों से उड़े 4 .94 लाख

**जबलपुर, 16 जुलाई.** गोरखपुर थाना अंतर्गत हाथीताल कॉलोनी में गूगल पर स्किन डॉक्टर का नंबर सर्च करना महंगा साबित हुआ. दरअसल जालसाजों ने डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के नाम पर महज 10 रुपये का रजिस्ट्रेशन लिंक भेजा और झांसे में लेकर दंपत्ति के दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 4,94,601 पार कर दिए. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मूलत: ग्राम खटखरी थाना शाहपुर, जिला मऊगंज के रहने वाले 51 वर्षीय राकेश कुमार गुप्ता वर्तमान में गोरखपुर के हाथीताल कॉलोनी में रहते हैं. उनकी पत्नी सविता गुप्ता को स्किन की समस्या थी. इसी सिलसिले में राकेश अपने मोबाइल पर गूगल के जरिए किसी अच्छे स्किन डॉक्टर का नंबर तलाश रहे थे. गूगल से मिले एक नंबर पर जब उन्होंने संपर्क किया, तो थोड़ी देर बाद उन्हें एक अन्य नंबर से कॉल आया. फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि डॉक्टर से दिखाने के लिए पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा.

## सिंधिया ने किया दतिया उपचुनाव पूरी ताकत से लड़ने और बीजेपी की जीत का दावा

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने अशोकनगर दौरे में प्रदेश के विकास और आगामी चुनावों पर ब? दावे किए। उन्होंने कहा कि उन्होंने दतिया एयरपोर्ट की स्थापना करवाई है जिससे इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सिंधिया ने कई नई ट्रेनें देने का जिक्र किया और विश्वास जताया कि वहां भी भाजपा का परचम लहराएगा। दतिया उपचुनाव को उन्होंने पूरी ताकत से लड़ने और बीजेपी की जीत का दावा किया।

# 1102 बैग यूरिया गोदाम से हुआ गायब

- कृषि सेवा केंद्र संचालक पर एफआईआर दर्ज
- स्टॉक में भारी अंतर मिलने के बाद की गई कार्रवाई

**खंडवा. 16 जुलाई. जिले में उर्वरक की कालाबाजारी और अनियमितताओं पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रूस्तमपुर स्थित मेसर्स प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र के संचालक के खिलाफ पंधाना थाने में एफआईआर दर्ज कराई है. जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में भारी अंतर मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई.**

### ई-टोकन सिस्टम का नहीं किया पालन

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन में यूरिया के 1102 बैग उपलब्ध दर्शाए जा रहे थे, जबकि मौके पर निरीक्षण के दौरान यूरिया का एक भी बैग नहीं मिला. विभाग का कहना है कि यह स्थिति अवैध व्यापार और स्टॉक में हेराफेरी की ओर संकेत करती है. जांच में यह भी सामने आया कि केंद्र संचालक ने शासन के ई-टोकन सिस्टम संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया. किसानों को पारदर्शी तरीके से उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के लिए लागू व्यवस्था की अनदेखी की गई.

उप संचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह दादौरिया ने बुधवार को प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया. जांच के दौरान पाया गया कि फर्म द्वारा उर्वरक भंडारण एवं विक्रय में उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 4, 5, 8 एवं 35 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा था.

# फर्जी पंजीयन से यूपी का गेहूं समर्थन मूल्य पर बिकने का आरोप

**भिण्ड, 16 जुलाई.** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर सियासत तेज हो गई है. प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश से गेहूं लाकर जिले की सहकारी समितियों में फर्जी पंजीयन के जरिए समर्थन मूल्य पर खरीदी कराई गई, जिससे शासन को करोड़ों रुपये का कथित नुकसान हुआ. उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# चंबल से अवैध रेत उत्खनन पर लगी रोक

**मुरैना, 16 जुलाई. जिले में चंबल नदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी रोक लगने का दावा करते हुए केंद्रीय सशक्त समिति ( सीईसी ) के सदस्य चंद्रप्रकाश गोयल ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई से नदी अपने प्राकृतिक स्वरूप की ओर लौट रही है।**

देवरी घड़ियाल केंद्र में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद श्री गोयल ने कहा कि पिछली समीक्षा बैठक के समय स्थिति चिंताजनक थी, लेकिन अब अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है. उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तथा लगातार निगरानी की सराहना की। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत चंबल नदी में अवैध रेत उत्खनन रोकने के प्रयासों की समीक्षा की गई. बैठक में मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के प्रशासन, पुलिस तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया.

### गोयल ने कहा- नदियों की 24 घंटे की जाएगी निगरानी

श्री गोयल ने कहा कि मुरैना वन विभाग कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां से भिंड, मुरैना और श्योपुर जिलों में चंबल नदी की 24 घंटे निगरानी की जाएगी. उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब सड़कों पर अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप अवैध उत्खनन को पूरी तरह समाप्त करने के प्रयास जारी हैं. साथ ही चंबल घड़ियाल अभयारण्य के संरक्षण तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# कुएं में गिरे मोबाइल को निकालने उतरे युवक की दम घुटने से मौत


**मुरैना, 16 जुलाई.** जिले के स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में कुएं में गिरे मोबाइल फोन को निकालने के लिए उतरे एक युवक की दम घुटने से मृत्यु हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना स्टेशन रोड थाना क्षेत्र स्थित खाकी बाबा की बगिया की है. श्यामपुर खुर्द निवासी शिवकुमार उर्फ सेंकी उपाध्याय अपने गुरु से मिलने वहां आया था. इस दौरान फूल तोड़ते समय उसका मोबाइल फोन पास के एक कुएं में गिर गया।

**टिप्पणी** | ओबीसी आरक्षण पर डे-टू-डे सुनवाई जारी

# जनसंख्या के आधार पर नहीं बढ़ा सकते आरक्षण

**जबलपुर. 16 जुलाई. प्रदेश सरकार के द्वारा ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने के संबंध में हाईकोर्ट जस्टिस आनंद पाठक तथा जस्टिस विनय सराफ की विशेष बेंच के द्वारा डे-टू-डे सुनवाई जारी है. डे-टू-डे सुनवाई के दूसरे दिन भी ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने के खिलाफ दायर याचिकाकर्ताओं की तरफ से पक्ष रखा गया.**

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी तथा गोपाल



शंकर नारायण की तरफ से पक्ष रखा गया. उन्होंने दलील दी कि जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिये जाने का प्रावधान नही है. इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इंदिरा साहनी के मामले में स्पष्ट आदेश दिये है कि आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नही होनी चाहिये. उनकी तरफ से तर्क दिया गया कि 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा लागू है. ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किया जाता है तो आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक हो जायेगी. जो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये संवैधानिक आदेश का उल्लंघन है. युगलपीठ के द्वारा शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे निर्धारित की है. गौरतलब है कि ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिकाए दायर की गयी. हाईकोर्ट ने कुछ याचिकाओं की सुनवाई के बाद ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने पर रोक लगा दी थी.

### असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल के डीजीपी तलब

जबलपुर . हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने असम, झारखंड और पश्चिम बंगाल के डीजीपी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं. साइबर अपराध से जुड़े मामले में अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। दरअसल हाईकोर्ट ने साइबर अपराधों की जांच व्यवस्था पर अहम टिप्पणी की है. उन्होंने कहा है कि डिजिटल अपराधों में अपराधियों से तेज गति से काम करना ही सफलता की कुंजी है.

# 2 .19 करोड़ रुपए की संपत्ति की राजसात

### 15 साल पुराने ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग केस में विशेष कोर्ट का फैसला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 16 जुलाई. करीब 15 साल पुराने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में विशेष पीएमएलए कोर्ट ने आरोपी दंपती को दोषमुक्त कर दिया, लेकिन ईडी द्वारा अटैच की गई करीब 2.19 करोड़ रुपए की संपत्ति पर किसी ने दावा नहीं किया. ऐसे में अदालत ने पूरी संपत्ति शासन के पक्ष में राजसात करने के आदेश दिए हैं.**

वर्ष 2011 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महू स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्कालीन क्लर्क राजेश नीम और अंजना नीम के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था. इससे पहले राजेश नीम के खिलाफ धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट के तहत पुलिस प्रकरण दर्ज हुआ था. इसी मूल अपराध को आधार बनाकर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी. मूल आपराधिक मामले में फरवरी 2023 में दोनों आरोपियों को अदालत से दोषमुक्त कर दिया था.

विशेष न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार ने सुप्रीम कोर्ट के दो महत्वपूर्ण फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यदि मूल अपराध में आरोपी अंतिम रूप से दोषमुक्त हो जाता है तो उसके खिलाफ पीएमएलए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता. अदालत ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि मूल मामले में दोषमुक्ति के फैसले के खिलाफ राज्य शासन की ओर से हाईकोर्ट में कोई अपील दायर होने का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है. ऐसे में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जारी रखने का आधार नहीं बचता और दोनों आरोपियों को दोषमुक्त किया जाता है.